भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.628

जिसका उत्तर 22.07.2021 को दिया जाना है

पुडुचेरी में ग्रेड सेपरेटर

628. श्री वी. वैथिलिंगमः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पुडुचेरी में आई. जी. स्कवेयर सिग्नल और आर. जी. स्कवेयर सिग्नल पर दो ग्रेड सेपरेटर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार इन दोनों बिंदुओं के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का भारी जाम और यातायात को देखते हुए पुडुचेरी में मारापलम जंक्शन पर एक ग्रेड सेपरेटर के दीर्घ लंबित मुद्दे को स्वीकृति देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) आईजी स्क्वेयर (किमी 0+000) और आरजी स्क्वेयर (किमी 1+050), जिसे 2011 में 4-लेन तक चौड़ा किया गया था, रारा-56 के पुडुचेरी-तिंडीवनम खंड पर पड़ता है और वर्तमान में वह प्रचालन और अनुरक्षण स्तर पर है। इन स्थानों पर ग्रेड सेपरेटर्स स्थापित करने के लिए परामर्श सेवाओं को शामिल करने का प्रस्ताव चालू वर्ष की वार्षिक योजना 2021-22 में शामिल किया गया है।

(ड.) राष्ट्रीय राजमार्ग-45ए के किमी 39+420 पर मरापालम जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है चूंकि पुडुचेरी के लिए एक बाईपास प्रस्तावित किया गया है।

*****